गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में AMC और AUDA के लगभग 1651 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया

श्री अमित शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव, त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया

52 महीनों में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 17,544 करोड रुपये के विकास कार्य हुए हैं

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने के लिए कटिबद्ध है

नई संसद, चंद्रयान, G20 और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे बहुत ही महत्वपूर्ण काम केवल तीन महीने के अंदर हुए हैं, जिससे पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है

भारत से पहले भी कई देशों ने G20 सम्मेलन का आयोजन किया परंतु सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मानना है कि भारत ने G20 का जैसा आयोजन किया है वह अगले 25 साल तक सभी देशों के लिए एक चेलेंज रहेगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मातृशक्ति की वंदना विनम्रता के साथ कैसे कर सकते हैं, उसका एक शानदार उदाहरण दुनियाभर के सामने रखा है

भारत की पुरातन संस्कृति से नारियों और माताओं के सम्मान का जो संस्कार हमें मिला है उसे कानूनी रूप  देने का काम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है

आजादी के बाद पहली बार 20 से ज्यादा छोटे-छोटे काम करने वाले

# समुदायों को किसी सरकारी योजना में एक माला के मोती की तरह पिरोने का दूरदर्शी काम मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना शुरू करके किया है

# मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना से विकास में पीछे रह गये समाज को सबके समकक्ष लाने के लिए एक बहुत बडा कदम उठाया है

प्रविष्टि तिथि: 30 SEP 2023 4:48PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में अहमदाबाद म्यूनिसिपल कार्पोरेशन (AMC) और अहमदाबाद अर्बन डेव्लपमेंट अथॉरिटी (AUDA) के 1651 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री अमित शाह ने सरखेज, भाड़ज गांव, ओगणज, जगतपुर गांव, त्रागड में तालाबों के नवीनीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।




केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कोई ऐसा वोर्ड नहीं है जहां विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास न हुआ हो। उन्होने कहा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कोर्पोरेशन और गुजरात सरकार ने लोगों के मांग करने से पहले ही विकास कार्य शुरू किए हैं। श्री शाह ने इसके लिए अहमदाबाद म्युनिसिपल कोर्पोरेशन और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होने लोग मांगे उससे पहले ही देने की परंपरा बनाई है। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि गत 52 महीनों में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 17,544 करोड रुपये के विकास कार्य हुए हैं। श्री शाह ने कहा कि आज लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत से AMC और AUDA की 39 परियोजनों का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इनमें 18 योजनाओं का लोकार्पण और 21 का भूमिपूजन हुआ है।



श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले तीन महिने में दुनियाभर में भारत का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने नई संसद, चंद्रयान, G20 और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे बहुत ही महत्वपूर्ण चार काम केवल तीन महीने के अंदर किए हैं। उन्होने कहा कि शायद 50 साल में ऐसा एक काम हो जबकि मोदी जी ने 3 महिने के अंदर ही ऐसे 4 काम पूरे कर दिये। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार भारत को विश्व में सर्वप्रथम बनाने के लिए कटिबद्ध है।



गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसरो का कायाकल्प किया और वैज्ञानिको को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को सर्वोच्च स्थान पर पहुँचाने की प्रेरणा दी है। इसके परिणामस्वरूप भारत और पूरी दुनिया ने चंद्रयान पर तिरंगे को लहराते देखा जो हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने G20 सम्मेलन का सफल आयोजन किया। भारत से पहले भी कई देशों ने

G20 सम्मेलन का आयोजन किया परंतु सभी देशो के राष्ट्राध्यक्षों का मानना है कि भारत ने G20 का जैसा आयोजन किया है वह अगले 25 साल तक सभी देशों के लिए एक चेलेंज रहेगा। सर्वसम्मति से दिल्ली डिक्लेरेशन पास कराने का भागीरथ कार्य कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समग्र विश्व में एक संदेश दिया है। अफ्रीकन युनियन को G20 में जोडने के साथ ही मोदी जी ने भारत, विकसित देशों और विकासशील देशों के साथ भी है का संदेश देने का काम किया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मातृशक्ति वंदना विनम्रता के साथ किस तरह कर सकते है उसका दुनियाभर में एक शानदार उदाहरण पेश किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। उन्होने कहा कि नीति निर्धारण और कानून बनाने के लिए महिलाओं का योगदान बहुत जरुरी है। सालों से यह बिल लटकता,अटकता और भटकता था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नई संसद बनाई, गणेश चतुर्थी के दिन उसका उदघाटन किया और नई संसद में सबसे पहला विधयेक नारी शक्ति वंदन बिल लाए। श्री शाह ने कहा कि भारत की पुरातन संस्कृति से नारियों और माताओं के सम्मान का जो संस्कार हमें मिला है उसे कानूनी रूप  देने का काम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अनेक प्रकार की योजनाएं लेकर आये हैं। इनमें हाल ही में शुरु की गई विश्वकर्मा योजना बहुत खास है। उन्होने कहा कि देश में करोड़ों लोग अलग-अलग प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय करते हैं और इनके बिना देश का विकास संभव नही है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना में ऐसे लोगों की स्किल्लिंग करने, उन्हे  एक्सपर्ट बनाने, टुलकीट देने और मशीन खरीदने के लिए 3 लाख रुपये तक का लोन देने की व्यवस्था की है। आजादी के बाद पहली बार 20 से ज्यादा छोटे-छोटे काम करनेवाले समुदायों को किसी सरकारी योजना में एक माला के मोती की तरह पिरोने का दूरदर्शी काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्वकर्मा योजना से बहुत जरूरी काम करने वाले लेकिन विकास में कहीं पीछे छुट जाने वाले समाज को सबके समकक्ष लाने के लिए एक बहुत बडा कदम उठाया है।



श्री अमित शाह ने उपस्थित लोगों से अपने घर के आसपास कम से कम 3 वृक्ष लगाने की अपील की जिससे आने वाले दिनो में गुजरात शहर का वातावरण और अधिक स्वच्छ और सुंदर बने। उन्होने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल, अहमदाबाद की मेयर प्रतिभा जैन और AUDA के सभी पदाधिकारियों का गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 1650 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए आभार व्यक्त किया।



*****

**आरके/आरआर**

(रिलीज़ आईडी: 1962371) आगंतुक पटल : 133